**B**

**SL. No. : R**

ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 47 ]
Total No. of Questions : 47 ]

**CCE RR**
**UNREVISED**

[ ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8
[ Total No. of Printed Pages : 8

ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : **85-H**

**Code No. : 85-H**

# ವಿಷಯ : ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

# Subject : SOCIAL SCIENCE

**( ಹಿಂದಿ ಭಾಷಾಂತರ / Hindi Version )**

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಶಾಲಾ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Regular Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 29. 03. 2019 ]
ಸಮಯ : ಬೆಳಿಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ]
ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 80 ]

[ Date : 29. 03. 2019
[ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.
[ Max. Marks : 80

### *परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 47 प्रश्न हैं ।

2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।

3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।

4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।

5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

यहाँ से काटिए

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

**Tear here**

I. निम्नलिखित प्रश्नों / अपूर्ण कथनों प्रत्येक के लिए **चार** विकल्प दिये गये हैं। उनमें केवल एक सही अथवा सबसे अधिक उपयुक्त है । सही विकल्प चुनकर पूर्ण उत्तर क्रमाक्षर सहित लिखें ।

$10 \times 1 = 10$

1. ब्रिटिशों द्वारा भारत में औद्योगिक पूँजी लगाने से हुआ

   (A) भारतीय उद्योगों का विकास

   (B) इंग्लैण्ड में औद्योगिक क्रान्ति

   (C) भारतीय सम्पत्ति के खर्च ( drain ) के कारण

   (D) बेरोजगार भारतीय शिल्पकारों को रोजगार

2. **स्तम्भ - A** में नेताओं की सूची तथा **स्तम्भ - B** में स्वतंत्र भारत में उनका पद दिया हुआ है । समूह की पहचान कर उसका मेल करें :

| **स्तम्भ - A** | **स्तम्भ - B** |
|---|---|
| (a) माउण्टबेटन | (i) प्रधान मंत्री |
| (b) जवाहरलाल नेहरू | (ii) गृह मंत्री |
| (c) डॉ० बाबू राजेन्द्र प्रसाद | (iii) गवर्नर जेनरल |
| (d) सरदार वल्लभभाई पटेल | (iv) राष्ट्रपति |

| | ***a*** | ***b*** | ***c*** | ***d*** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iv | i | iii |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | i | ii | iii | iv |
| (D) | iv | iii | ii | i |

3. एक राष्ट्र द्वारा दूसरे राष्ट्र की दखलदारी तथा दखलदार राष्ट्र अपने स्वार्थी उद्देश्य के लिए पहले राष्ट्र के उपयोग का परिणाम हुआ

   (A) दास प्रथा  (B) प्रजातीय भेदभाव

   (C) शीत युद्ध  (D) उपनिवेशवाद

4. 1947 में भारत-पाक युद्ध के दौरान संयुक्त राष्ट्र संघ ने युद्ध विराम की घोषणा की क्योंकि यह

(A) युद्ध का विरोध किया

(B) अन्तरराष्ट्रीय शांति कायम रखा

(C) युद्ध की तैयारी की प्रत्याशा की

(D) संयुक्त राष्ट्र संघ से युद्ध की घोषणा की अनुमति की आवश्यकता थी

5. एक कॉलेज के N.S.S. विद्यार्थी विद्यालय प्रांगण को साफ कर रहे हैं । यह क्रिया कलाप है

(A) बिना भुगतान का कार्य

(B) भुगतान कार्य

(C) संगठित कार्य

(D) असंगठित कार्य

6. महिला भ्रूणहत्या रोकने का अभिप्राय है

(A) परिवार नियोजन की शुरुआत

(B) महिलाओं को आरक्षण प्रदान करना

(C) भ्रूण के लिंग जाँच करने वाले स्कैनिंग केन्द्रों पर रोक

(D) शिशु अधिकार अधिनियम का प्रवर्तन

7. सार्वजनिक स्थानों में धूम्रपान पर रोक लगाया गया क्योंकि

(A) तम्बाकू का उपभोग स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है

(B) सार्वजनिक क्षेत्रों को साफ-सुथरा रखने के लिए

(C) तम्बाकू के उत्पादन के लिए लाइसेंस होना

(D) तम्बाकू वैधानिक रूप से निषिद्ध है

8. मानचित्र में चिह्नित अन्तरराष्ट्रीय हवाई अड्डों का सही मेल है




(A) 1 – अमृतसर, 2 – हैदराबाद, 3 – मुम्बई, 4 – गुवाहाटी

(B) 1 – मुम्बई, 2 – गुवाहाटी, 3 – अमृतसर, 4 – हैदराबाद

(C) 1 – हैदराबाद, 2 – मुम्बई, 3 – गुवाहाटी, 4 – अमृतसर

(D) 1 – गुवाहाटी, 2 – अमृतसर, 3 – हैदराबाद, 4 – मुम्बई

9. 'बैंकों का बैंक' है

(A) इण्डस्ट्रीयल डेवलपमेन्ट बैंक (B) लैण्ड डेवलपमेन्ट बैंक

(C) एक्सीम ( EXIM ) बैंक (D) रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया

10. भारत सरकार की 'खुली आकाश नीति' का ( 'Open Sky Policy' ) सदुपयोग करने वाला उद्यमी है

(A) डॉ० प्रताप रेड्डी (B) नरेश गोयल

(C) नारायण मूर्ति (D) धीरूभाई अम्बानी

II. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में दें : 14 × 1 = 14

11. कालचक्र क्या है ?

12. 42 वें संविधान संशोधन द्वारा 'धर्म निरपेक्ष' शब्द को क्यों जोड़ा गया ?

13. शीत युद्ध का परिणाम ( aftermath ) क्या हुआ ?

14. निरक्षरता उन्मूलन में शिक्षा का अधिकार की सार्थकता क्या है ?

15. दक्षेस ( SAARC ) के विकास को रोकने का कारक क्या है ?

16. 'विद्यालय का निरस कार्य' ( 'drudgery to school' ) कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

17. भारत के किस स्थान में सबसे अधिक वर्षा होती है ?

18. स्वर्ण क्रान्ति क्या है ?

19. कोशी परियोजना नेपाल को कैसे लाभ पहुँचाती है ?

20. पेट्रोलियम को 'तरल सोना' क्यों कहा जाता है ?

21. अर्थव्यवस्था में 'सकारात्मक परिवर्तन' क्या है ?

22. प्रति व्यक्ति आय आप कैसे ज्ञात करेंगे ?

23. घाटे का बजट क्या है ?

24. जिला औद्योगिक केन्द्रों की स्थापना कब हुई थी ?

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **दा** से **चार** वाक्यों में दें : $15 \times 2 = 30$

25. राबर्ट क्लाइव द्वारा 'द्वैध शासन' ( Dual Government ) व्यवस्था का वर्णन करें ।

26. तृतीय एंग्लो-मैसूर युद्ध ब्रिटिशों के लिए वरदान ( boon ) कैसे था ?

27. सत्य शोधक समाज द्वारा सुधारों के प्रसार का वर्णन करें ।

**अथवा**

भारतीय दर्शनशास्त्र एवं स्वतंत्रता आन्दोलन में एनी बेसेन्ट की देन क्या हैं ?

28. मुसोलिनी तानाशाह ( dictator ) कैसे बना ?

29. साम्प्रदायिकता हमारे समाज के लिए सबसे बड़ा पाप ( evil ) कैसे है ?

30. आतंकवाद के क्या प्रभाव होते हैं ?

31. पर्यावरण सुरक्षा के लिए किन्हीं चार आन्दोलनों के नाम बताएँ ।

32. शिवालिक श्रेणी पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखें ।

33. काली मिट्टी तथा मरुस्थलीय मिट्टी में क्या अंतर हैं ?

34. भारत में वनों के संरक्षण का महत्व बताएँ ।

35. भौगोलिक सूचना पद्धति ( GIS ) का क्या महत्व है ?

36. तटीय अपरदन को कैसे रोका जा सकता है ?

37. ग्रामीण जनसंख्या को शहरों में प्रवास रोकने के लिए कान-से उपाय किये जा सकते हैं ?

38. पंचवर्षीय योजनाओं के उद्देश्य क्या हैं ?

39. ''भूमंडलीकरण स्वास्थ्य पर ऋणात्मक प्रभाव डालता है ।'' कैसे ?

IV. निम्नलिखित प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर **छह** वाक्यों में दीजिए : $6 \times 3 = 18$

40. ''इंग्लैण्ड में हुई औद्योगिक क्रांति 1857 के विद्रोह का कारण थी ।'' पुष्टि करें ।

**अथवा**

''ब्रिटिश शिक्षा पद्धति भारत में राष्ट्रीयता की जागृति लायी ।'' पुष्टि करें ।

41. हालाँकि भारत एक शांति प्रेमी राष्ट्र है फिर भी यह पूर्ण निरस्त्रीकरण को बढ़ावा नहीं देता है । क्यों ?

**अथवा**

भारत का रूस के साथ अच्छे संबंध हैं । कैसे ?

42. अस्पृश्यता उन्मूलन के लिए किये गये संवैधानिक तथा वैधानिक उपायों का वणन करें ।

**अथवा**

संगठित श्रमिकों को मिलनेवाली सुविधाओं का वर्णन करें ।

43. जैव तकनीक ( Biotechnology ) का विकास कृषि में महान क्रांति लाया है । स्पष्ट करें ।

**अथवा**

सड़क परिवहन का विकास से कृषि में विकास हुआ है । वर्णन करें ।

44. ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में महिला स्व-सहायता समूहों की भूमिका का वर्णन करें ।

**अथवा**

केन्द्र सरकार द्वारा वसूले गये कर-रहित राजस्वों के मुख्य प्रकार क्या हैं ?

45. बचत बैंक खाता तथा चालू खाता में क्या अंतर हैं ?

**अथवा**

जीवन बीमा तथा सामान्य ( General ) बीमा में क्या अंतर हैं ?

V. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **आठ** से **दस** वाक्यों में दीजिए : 4

46. भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में असहयोग आंदोलन का वर्णन करें ।

VI. 47. भारत का रेखा मानचित्र खींचकर निम्न को चिह्नित करें : $1 + 3 = 4$

a) $82\frac{1}{2}^{\circ}$ पूर्वी रेखांश ( East Longitude )

b) कैगा

c) भाखरा-नांगल ।

**केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए विकल्प प्रश्न : ( प्रश्न सं० 47 के बदले में )**

भारत के लोगों को हिमालय से क्या लाभ हैं ? 4